हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026



व्यवस्थापन का विरोध, निगम की कार्रवाई से आक्रोश

जयस्तंभ चौक से पसरा हटाने को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के जयस्तंभ चौक में त्योहारों के अवसर पर लगने वाले पसरों के व्यवस्थापन को लेकर पसरा हटवाने पहुंची नगर निगम की टीम का फुटकर विक्रेताओं ने विरोध किया। इस दौरान पसरा नहीं हटाने की मांग को लेकर महिला विक्रेताओं ने आक्रोश जताया।

त्योहारी सीजन के दौरान शहर के जयस्तंभ चौक में पसरा लगाकर व्यवसाय करने के चलते आवागमन में समस्या होती है। चौक में जाम लगने की स्थिति से निपटने के लिए सड़क के बीच लगने वाले पसरों को फ्लाई ओवर के नीचे एक जगह पर व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम द्वारा आज कार्रवाई शुरू की गई। जिसका विरोध भी देखने को मिला। पसरा लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों ने प्रशासन और नगर निगम की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए यहां से पसरा नहीं हटने मांग की है। निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि पसरा लगाने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि त्योहार के मौके पर जयस्तंभ चौक में काफी भीड़ हो जाती है। जिसके चलते सड़क के बीच लगने वाले पसरों को फ्लाई ओवर के नीचे व्यवस्थित करने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यहां त्योहार का पसरा लगने से विक्रेताओं के साथ ग्राहकों को भी सहूलियत होगी।

विरोध के बाद रोकी गई कार्रवाई

नगर निगम द्वारा विक्रेताओं के विरोध और करवाचौथ का पर्व को देखते हुए पसरा हटाने की कार्रवाई रोकी गई। वहीं निगम द्वारा गुरूनानक चौक के समीप फ्लाई ओवर के नीचे इन पसरों के व्यवस्थापन के लिए मार्किंग कर दी गई है। माना जा रहा है कि दीपावली पर्व के दौरान सड़क के बीच लगने वाले पसरों को हटाकर यहां व्यवस्थित किया जाएगा।

पसरा हटाने पहुंची टीम

पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न त्योहारों के अवसर पर जयस्तंभ चौक में पसरा लगाकर पूजा सामग्री बेची जाती है। वर्तमान में यहां लगभग 40-45 दुकानें लगती है। जिससे कई परिवारों की जीविका चलती है। करवाचौथ को लेकर विक्रेताओं द्वारा पूजन और श्रृंगार सामग्री बेचा जा रहा था। विक्रेताओं ने यहां अपनी दुकानें लगाई हुई थी। इसी बीच तहसीलदार और नगर निगम आयुक्त सहित नगर निगम की टीम इन पसरों को हटाने वाहन लेकर पहुंच गई। करवाचौथ पर्व के दिन ही निगम द्वारा की जा रही इस कार्रवाई को लेकर विक्रेता महिलाओं ने आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर उनके द्वारा सामानों की खरीदी की गई है। ऐसे में उन्हें यहां से हटाए जाने से उनका काफी नुकसान हो जाएगा। निगम प्रशासन के सामने मिन्नते करते महिलाओं ने कहा कि उन्हें यहां से नहीं हटाया जाए।







किसानों को सताने लगी कर्ज चुकाने की चिंता, फसल बीमा और क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग ने पकड़ा जोर

चक्रवाती तूफान से धान की फसल हुई बर्बाद, संकट में अन्नदाता किसान

खेतों में भरा पानी, कटाई और मिंजाई पर लगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अर्बन चक्रवाती तूफान ने खरीफ की फसलों को जमकर नुकसान पहुंचा रहा है। बीते दो दिन लगातार बादल छाए रहने तथा हवा से धान की फसल चौपट होने की स्थिति में आ गई है। फसल बरबादी मंजर खेतों में साफ नजर आ रहा है। पके अधपके धान की फसल कटाई से पहले ही गिर चुकी है जिससे क्वालिटी प्रभावित होने की आशंका है। ज्ञात हो कि किसानों ने धान की फसल कटाई शुरू कर दिया। मौसम खराब होने की सूचना मिलने पर धान की कटाई मिंजाई पर ब्रेक लग गया है। अस्सी फीसदी से अधिक हरुना धान पककर तैयार हो चुकी है जिसके खराब होने की आशंका है।



सर्वे एवं बीमा क्लेम की मांग

क्षेत्र के किसानों ने फसल का बीमा करवाया है। किसानों की मांग है कि सरकार किसानों की परेशानी एवं फसल की बरबादी को देखते हुए तत्काल सर्वे कराकर किसानों को आर्थिक सहायता एवं बीमा क्लेम का लाभ दिलाए।

उम्मीदों पर फिरा पानी

किसानों ने बताया कि बारिश और आंधी ने धान की फसल को बर्बाद करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी है। पक कर तैयार धान खेतों में गिर गया है। ऐन कटाई मिंजाई के समय आए चक्रवाती तूफान ने फसल को तबाह कर दिया है।

जनप्रतिनिधियों ने कहा

प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने कहा कि चक्रवाती तूफान ने धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है ऐसी स्थिति में सरकार को किसान हित को ध्यान में रखकर तत्काल सर्वे कराना चाहिए। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी है। फसल बरबादी की जानकारी सरकार को दिया गया है। सर्वे एवं फसल नुकसान का आकलन के पश्चात सरकार आर्थिक सहायता पहुंचाएगी। सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि चक्रवाती तूफान ने धान की फसल को काफी प्रभावित किया है जिसकी सूचना विभाग को दे दिया गया है। किसान चिंतित न हो सरकार किसानों को फसल नुकसान पर आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव

किसानों ने बताया कि चक्रवाती तूफान से लंबी अवधि में पकने वाला धान को आंशिक क्षति पहुंच सकती है परन्तु हरूना धान को बहुत ज्यादा क्षति होने की संभावना है। हरूना धान के गिरने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित होगी।

त्योहार के फीका होने का अंदेशा

सप्ताह भर बाद दीपावली पर्व है जिसके ठीक पहले आए चक्रवाती तूफान ने किसानों को मायूस और चिंतित कर दिया है। फसल के बर्बाद होने से त्यौहार की रौनक फीकी पड़ने की स्थिति बन गई है।

दिवाली के पहले किसानों के हाथ खाली, बाजार में मंदी का साया

डोंगरगांव। चक्रवात अर्नब को लेकर जताई जा रही बड़ी आशंकाओं के बीच राहत की बात यह रही कि क्षेत्र में तबाही जैसा मंजर देखने नहीं मिला। हालांकि बीते दो दिनों से यदा-कदा बारिश होते रही। चक्रवात का सीधा असर देखने नहीं मिला, लेकिन इसके कारण चली तेज हवाओं और बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। बारिश से ज्यादा नुकसान तेज हवाओं ने पहुंचाया है। खेतों में पककर तैयार खड़ी और लहलहाती धान की फसलें हवा के थपेड़ों को बर्दाश्त नहीं कर सकीं और पूरी तरह जमीन पर बिछ गईं। हवा और पानी की मार से धान के बालियों के झड़ने और सड़ने का खतरा पैदा हो गया है।



खुशियों पर फिरा पानी, बाजार सहमा

दिवाली का त्योहार सिर पर है, ऐसे में किसानों के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आमतौर पर किसान इसी समय अपनी धान की फसल काटकर और बेचकर दिवाली पूजन का सामान, कपड़े और परिवार की अन्य जरूरतों की खरीदारी करते हैं। लेकिन अब फसल की कटाई न हो पाने और बिक्री अटक जाने से किसानों की दिवाली फीकी रहना तय दिख रहा है। किसानों की जेब खाली रहने का सीधा असर स्थानीय बाजारों और व्यापार पर पड़ता दिख रहा है।

खेतों में जलभराव

मौसम के इस मिजाज का सबसे बुरा असर कम अवधि में पकने वाली धान की किस्मों पर पड़ा है। किसानों की फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन खेतों और खलिहानों में पानी भरने के कारण अब कटाई का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। ग्राम अर्जुनी, भाखरी, रूदगांव, मारगांव, मचानपार, साल्हे सहित अन्य ग्रामों के किसानों ने बताया कि जलभराव की वजह से न तो हार्वेस्टर या मशीनें खेतों में उतर पा रही हैं और न ही मजदूर कटाई कर पा रहे हैं। छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम आमगांव, खुर्सीटिकुल सहित अन्य गांव में भी फसल को नुकसान पहुंचने की खबर है। आमगांव के पुनु धनकर ने डेढ़ एकड़, दयालुराम साहू ने एक एकड़, इम्मन धनकर ने डेढ़ एकड़, नारद ने एक, झना शेंडे ने आठ एकड़, सरोज साहू और रोमन ने पांच पांच एकड़ में धान लगाया था। जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एकांत चन्द्राकर ने बताया कि उन्होंने 15 एकड़ में धान लगाया है। वर्तमान तुफान से काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की है।

फसल बर्बाद, चिंता में किसान

तुमडीबोड़। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से ग्राम और आसपास के ग्रामीण अंचल में काफी नुकसान होने की आशंका है। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। सैकड़ों एकड़ में लहलहाती धान, सब्जी और दलहन की फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों ने बताया कि धान की फसल पककर कटाई के तैयार थी। कुछ खेतों में कटाई शुरू हो गई थी लेकिन तेज हवाओं के कारण खड़ी फसलें पूरी तरह खेतों में बिछ गई हैं। खेतों में पानी भरने के कारण दाने काले पड़ने और अंकुरित होने की आशंका बढ़ गई है। धान के अलावा टमाटर, बैंगन, गोभी जैसी सब्जियों और विभिन्न दलहन फसलों को भी भारी नुकसान होने की खबर है।



किसानों को बड़ा नुकसान

किसानों ने बताया कि उन्होंने महंगे खाद, बीज और कर्ज लेकर खेती की थी। वर्तमान प्राकृतिक आपदा ने उन्हे संकट में डाल दिया है। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कराने की मांग की है, ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिल सके।

खबर संक्षेप

अनिल कपूर के शो में फाइनल तक पहुंची आर्ची

डोंगरगढ़। नगर की प्रतिभाशाली बेटी आर्ची अग्रवाल ने लोकप्रिय क्विज कार्यक्रम इंडिया के टॉप वन में शानदार प्रदर्शन कर डोंगरगढ़ का नाम रोशन किया है। फिल्म अभिनेता अनिल कपूर द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस कार्यक्रम में आर्ची ने अपनी ज्ञान और प्रतिभा के दम पर फाइनल राउंड में पहुंच गई है। विजय अग्रवाल की पुत्री आर्ची वर्तमान में मुंबई में सीए की फाइनल परीक्षा के लिए आर्टिकलशिप कर रही हैं। पढ़ाई और व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ इस कार्यक्रम में भाग लेकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इस कार्यक्रम का प्रसारण स्टार प्लस और जियो हॉट स्टार पर किया जाता है।



कंवर समाज के बच्चों को मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

कंवर महासभा राजनांदगांव के युवा प्रभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय छात्रवृत्ति प्रतियोगिता परीक्षा 25 अक्टूबर को कंवर धर्मशाला सह प्रशिक्षण भवन रेवाडीह में आयोजित की गई। परीक्षा में तीन जिलों के 762 बच्चों ने शामिल होकर अपनी बुद्धि और क्षमता का प्रदर्शन किया।

पहले लेवल में नवमी से बारहवी तथा दूसरे लेवल में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के टाप में रहने वाले पांच पांच बच्चों को दस माह तक दान दाताओं के सहयोग से छात्रवृत्ति दिया जाएगा। पहले लेवल बच्चों को पाँच-पाँच सौ एवं दूसरे लेवल के बच्चों को सात-सात सौ रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा।

जिला स्तरीय छात्रवृत्ति प्रतियोगिता परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रो.डॉ मेघराज कपूर प्रमुख मार्गदर्शक कंवर महासभा थे। अध्यक्षता प्रमोधदास सिरदार जिला युवाध्यक्ष कंवर महासभा ने की। अतिविशिष्ट अतिथि उत्तमसिंह पंचारी संयुक्त कलेक्टर दुर्ग, विशिष्ट अतिथि बिन्दुलाल चन्द्रवंशी अध्यक्ष समान्य प्रभाग कंवर महासभा, ललिता चन्द्रवंशी अध्यक्ष महिला प्रभाग थी। अतिथियों एवं दानदाता किशुनराम चौरे, बसंत चन्द्रवंशी, रघुनंदन चन्द्रवंशी, उत्तम सिंह पंचारी, तिलोचनराम चन्द्रवंशी, रामजी सिदार, भगवानीराम चन्द्रवंशी, कलीराम चन्द्रवंशी, विक्रमसिंह मिरी, मनभा चन्द्रवंशी, रामेश्वरी चन्द्रवंशी, संतराम छपेन, मिलन चन्द्रवंशी को बुके एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियो ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत कर सफलता अर्जित करने प्रेरित किया। संयुक्त कलेक्टर ने बच्चों को सफलता अर्जित करने के अनेक गुर बताए।



सम्मानित करने की घोषणा

मुख्य अतिथि प्रो. डॉ मेघराज कपूर ने किसी भी बच्चे के सीजीपीएससी फाइट कर सर्वोच्च पद हासिल करने पर 21 हजार सहयोग राशि देने की घोषणा की। युवा जिलाध्यक्ष प्रमोधदास सिरदार ने समाज के प्रति समर्पित रहकर बच्चो के शिक्षा, कैरियर, रोजगार एवं सामाजिक उत्थान हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

विनीत और संजना प्रथम

लेवल वन के परिणाम की घोषणा जिलाध्यक्ष बिन्दुलाल चन्द्रवंशी ने किया। प्रथम स्थान विनीत कंवर पिता विजय कंवर, द्वितीय सतीश कंवर पिता विशाल कंवर, तृतीय लक्की कंवर पिता नरेश कंवर, चतुर्थ लोकिता कंवर पिता राजेन्द्र कंवर एवं पंचम स्थान घनेन्द्र चन्द्रवंशी पिता आत्माराम चन्द्रवंशी ने प्राप्त किए। इसी प्रकार लेवल-2 के परिणाम मुख्य अतिथि प्रो. कपूर ने घोषित किया। टाप फाइव मे प्रथम स्थान संजना कंवर पिता एश कंवर, द्वितीय भूमिका कंवर पिता हरेन्द्र कंवर, तृतीय वैशाली कंवर पिता बुधराम कंवर, चतुर्थ भूपेन्द्र कंवर पिता रामचंद कंवर और पंचम स्थान देवमणी कंवर पिता हुकुम कंवर ने हासिल किया। टाप फाइव बच्चो को दानदाताओ एवं अतिथियो ने मोमेंटो, मेडल एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान की क्रम मे सभी युवाध्यक्ष, कार्यकर्ताओ, पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकन कर्ताओ को अतिथियो एवं आयोजन समिति ने मेडल एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किया। इस दौरान प्रमोधदास सिरदार, छत्रपाल पंचारी, महेंद्र कंवर, वामन केवासे, पवन पंचारी, खिलेश गंगासागर, हरेन्द्र कंवर, ढालसिंग कंवर, रवि चन्द्रवंशी, भुवनेश्वर कंवर, शिवकुमार कंवर, संजीव चन्द्रवंशी, भुवनेश्वर चन्द्रवंशी, धनुषराम कंवर, हितेश चन्द्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, मेघनाथ चन्द्रवंशी, कल्पलता कंवर, संगीता करवार, जया कंवर, विक्रम मिरी, भागवत चन्द्रवंशी, उचित कंवर, मुकेश कंवर आदि मौजूद थे। संचालन धनुषराम कंवर एवं आभार प्रदर्शन छत्रपाल पंचारी ने किया।

जाति प्रमाण पत्र के लिए बेजा मांग की शिकायत

- आवेदक ने की सीएम हेल्पलाइन से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए 60 हजार की मांग करने के मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन तथा कलेक्टर से की गई है। सीएम हेल्पलाइन में प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रेषित कर दिया गया है। एलबी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर निवासी केशव कुमार आ राजकुमार ने बताया कि उसने 4 अगस्त को अपने तथा अपने पुत्र-पुत्री के जाति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था।

प्रक्रिया के तहत 12 अगस्त को जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। कुछ दिनों बाद उसके आवेदन में आपत्ति होने की सूचना मिली। जब वह संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यालय पहुंचा, तो वहां एक कर्मचारी ने काम करने के एवज में 60 हजार की मांग की। आवेदक के रकम देने से इंकार करने के बाद 1950 का अभिलेखीय साक्ष्य संलग्न न होने का हवाला देकर उसके आवेदन को निरस्त कर दिया गया।

प्रमाण पत्र किया निरस्त

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने नियमानुसार प्रारूप 2 - क शपथ पत्र, पटवारी प्रतिवेदन, वंशावली, पहचान पत्र, पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान किताब, 1980-81व 1954-55 के अधिकार अभिलेख, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र और ग्राम सभा का पारित संकल्प तक संलग्न किया था। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं करने के कारण नियमों की मनमानी व्याख्या कर आवेदन निरस्त कर दिया गया। आवेदक ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

साइंस कॉलेज में नशा मुक्त युवा विषय पर पड़ोस युवा संसद का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माय भारत राजनांदगांव द्वारा शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्त युवा विषय पर पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे, समाज कल्याण विभाग की उप संचालक वैशाली मराड़वार, विषय विशेषज्ञ एनटीपीसी की जिला सलाहकार डॉ. निहारिका टोप्पो एवं समाज सेविका गीता साहू उपस्थित थी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे एवं माय भारत राजनांदगांव के जिला युवा अधिकारी शुभजीत दे उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दिनेश्वर साहू, आकाश तिवारी, मोनिका देवांगन, मुस्कान निषाद, अमृता ठाकुर, संध्या यादव, मुरली साहू, सुनीधि देवांगन, चैतन्य साहू, गरिमा साहू एवं देवीलाल का विशेष योगदान रहा।



छात्रों ने रखे सार्थक सुझाव

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने नशे की लत से बचाव, व्यसन से मुक्ति तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के व्यावहारिक उपायों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। साथ ही युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने और परिवार एवं समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों एवं युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

विकसित भारत पर 4 को जिला स्तरीय प्रतियोगिता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ (मेरा युवा भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत विकसित भारत युवा संसद 2027 की जिला स्तरीय चैम्पियनशिप का आयोजन 4 नवंबर को शासकीय दिग्विजय ऑटोनोमस कॉलेज राजनांदगांव में सुबह 10 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' निर्धारित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने मंच प्रदान करना तथा उनमें लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह पहल विकसित भारत @2047 के संकल्प के अनुरूप युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा संसद के माध्यम से प्रतिभागियों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रियाओं तथा समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

युवा ले सकेंगे भाग

प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग लेने के पात्र होंगे। आयु की गणना निर्धारित कट-ऑफ तिथि 17 अगस्त 2026 के अनुसार की जाएगी। प्रतिभागियों को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने तीन मिनट का समय दिया जाएगा। प्रतिभागी हिंदी, अंग्रेजी सहित अनुमत भाषाओं में अपना भाषण प्रस्तुत कर सकेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप के लिए किया जाएगा।



आरोपियों के बैंक खातों एवं आर्थिक लेन देन की भी जांच जारी

पशु तस्करी मामले में फरार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

ट्रक में 21 बैल, 6 बछड़े किए थे बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मवेशियों को ट्रक में क्रूरतापूर्वक भरकर तस्करी किए जाने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों के बैंक खातों, संपत्तियों एवं आर्थिक लेन-देन की भी जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को पुलिस चौकी पाटनखास को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में बैल एवं बछड़ों को क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मेन रोड ईहोडा चौक पर नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक द्वारा वाहन को तेज गति से भगाने की कोशिश की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते पीछा कर ट्रक को रोक लिया तथा तलाशी ली। ट्रक के डाला में पीले रंग के तिरपाल से ढंके हुए 21 बैल एवं 6 बछड़े कुल 27 मवेशी पाए गए। मवेशियों को अत्यंत संकुचित स्थान में क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन किया जा रहा था। उक्त मामले में पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(घ) तथा मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 66/192 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी शुभम के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस द्वारा कुरखेड़ा महाराष्ट्र निवासी राजा कुरैशी एवं उसके पिता जमील कुरैशी को पूछताछ हेतु अभिरक्षा में लेकर पुलिस चौकी पाटनखास लाया गया। पूछताछ एवं विवेचना के दौरान प्रकरण में उनकी संलिप्तता के संबंध में प्राप्त तथ्यों के आधार पर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा जेल भेज दिया गया।

आर्थिक लेन-देन की जांच जारी

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपियों के बैंक खातों, संपत्तियों एवं आर्थिक लेन-देन की जांच की जा रही है, ताकि मवेशियों की खरीद-फरोख्त एवं परिवहन से जुड़े नेटवर्क के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सके। विवेचना के दौरान सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भी नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

फरार आरोपी महाराष्ट्र के कोरची में पकड़ा गया

प्रकरण में प्राप्त जानकारी एवं विवेचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा 26 अक्टूबर को कोरची महाराष्ट्र में आरोपी शुभम को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी इस प्रकरण में फरार चल रहा था। पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के अनुसार आरोपी शुभम आसपास के गांवों से मवेशियों को एकत्रित कर कुरखेड़ा अथवा नागपुर में रहने वाले राजा कुरैशी एवं उसके पिता जमील कुरैशी को सप्लाई करता था। आरोपी ने यह भी बताया कि घटना के समय मवेशियों से लदे ट्रक की पायलटिंग उसके द्वारा अपनी काले रंग की महिंद्रा बोलेरो गाड़ी से की जा रही थी। उक्त जानकारी के आधार पर पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो वाहन को जब्त किया गया तथा आरोपी शुभम को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को 27 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

ट्रक चालक पूर्व में गिरफ्तार

विवेचना के दौरान ट्रक चालक यशवंत मरसकोले 30 वर्ष निवासी नायकुंड तहसील पारशिवनी जिला नागपुर महाराष्ट्र की संलिप्तता पाए जाने पर उसे 8 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी यशवंत मरसकोले के मेमोरेंडम कथन से जानकारी मिली कि ट्रक में लोड मवेशियों को ग्राम कोसमी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र निवासी शुभम द्वारा एकत्रित कर वाहन में लोड कराया गया था। उक्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने फरार आरोपी शुभम की पतासाजी शुरू की तथा मामले की विवेचना आगे बढ़ाई।

करवाचौथ...



राजनांदगांव। गुरुवार को करवाचौथ पर्व श्रद्धाभक्ति के साथ पारंपरिक रूप से सौभाग्यवती महिलाओं ने मनाया। इस अवसर पर निर्जला व्रत रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

बेटी ने किया इसरो तक कामयाबी का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लगन, कड़ी मेहनत और सही दिशा में उठाए गए कदम इंसान को बुलंदियों तक पहुंचाते हैं इसे साबित कर दिखाया है नगर की होनहार छात्रा किरण तिवारी ने। उन्होंने देश के शीर्ष अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थानों तक का सफर तय किया है।



नगर पालिका में पदस्थ हौसलाप्रसाद तिवारी की बेटी किरण तिवारी ने शुरुवाती पढ़ाई वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल से पूरी की। इसके बाद आगे की स्कूली शिक्षा जेएलएम गायत्री विद्यापीठ से प्राप्त की। तकनीकी क्षेत्र में अपनी नींव मजबूत करने के लिए उन्होंने मिनीमाता गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कालेज राजनांदगांव से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में डिप्लोमा हासिल किया।

इंजीनियरिंग और आईआईआरएस से विशेष कोर्स करने के बाद उन्होंने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज जगदलपुर से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल किया। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने अपनी कुशलता बढ़ाने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग देहरादून के आउटरीच प्रोग्राम के जरिए कई महत्वपूर्ण शॉर्ट टर्म कोर्स भी पूरे किए।

स्पेस सेंटर में इंटर्नशिप

सुश्री तिवारी जूनियर साइंटिस्ट परीक्षा में शामिल हुईं। इस परीक्षा के माध्यम से उन्हें भारत के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष संस्थान यूआर राव स्पेस सेंटर बेंगलुरु में इंटर्नशिप करने का शानदार अवसर मिला। यहां उन्होंने व्यावहारिक ज्ञान और विशेषज्ञता हासिल की। वर्तमान में वह देश के प्रीमियर स्पेस इंस्टीट्यूट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम से अपनी इंटीग्रेटेड पीएचडी की पढ़ाई पूरी कर रही हैं। हाल ही में वह अपनी पीएचडी थीसिस अप्रूवल और वर्कशॉप में शामिल होने के लिए तिरुवनंतपुरम रवाना हुई है। छोटे शहर से निकलकर देश के अग्रणी अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थानों तक पहुँचने की यह यात्रा छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक मिसाल है।

समीक्षा : नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर शिकंजा, एक माह में 17 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय बैठक ली।

- कलेक्टर ने नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय बैठक ली

कलेक्टर ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की रोकथाम एवं नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की।

उन्होंने नशीले पदार्थों के अवैध विक्रय एवं तस्करी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों एवं महाविद्यालयों को नशामुक्त बनाने विशेष जागरूकता अभियान चलाने तथा युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने कहा। बैठक में बताया गया कि माह अक्टूबर 2026 में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरूद्ध कार्रवाई करते 4 प्रकरणों में 17.11 किलोग्राम गांजा, 2 हजार 990 रुपए नगद एवं 2 वाहन जब्त किए गए तथा 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



वार्षिक खेल कैलेंडर होगा तैयार

कलेक्टर ने स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों के अनाधिकृत व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा अवैध विक्रय के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे से दूर रखने एवं खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार करने तथा खेल गतिविधियों में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने जेल में निरूद्ध नशे के आदी व्यक्तियों में नशीले पदार्थों के सेवन बंद होने से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं उनके समुचित प्रबंधन के लिए जेल अधिकारी-कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए।

नशामुक्ति केंद्र में नौ का उपचार

बैठक में बताया गया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सितम्बर 2026 में 65 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। जिले के कुल 723 मेडिकल स्टोर्स में से 720 में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र में वर्तमान में नशे के आदी 9 व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा है। विभाग द्वारा नशे के विरूद्ध आयोजित 2 जन जागरूकता कार्यक्रमों में 550 लोगों ने सहभागिता की।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में भव्य कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

- अभिनव प्रयोगों और कला कौशल की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल में विगत दिनों विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन पार्षद राजा माखीजा द्वारा किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजा माखीजा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों और कलाकृतियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों के अभिनव प्रयोगों और कला कौशल की मुक्तकंठ से सराहना करते कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां बच्चों में तार्किक सोच, रचनात्मकता और वैज्ञानिक चेतना का विकास करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर नए विचारों पर काम करने और आगे बढ़ने प्रेरित किया।



एक से बढ़कर एक माडल बनाए

प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा (सोलर एवं विंड एनर्जी), स्मार्ट सिटी, जल संचयन, रोबोटिक्स और मानव शरीर रचना जैसे विषयों पर एक से बढ़कर एक कार्यशील एवं स्थिर मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही कला दीर्घा में बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर पेंटिंग्स, हैंडीक्राफ्ट्स और अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार (बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट) कलाकृतियों ने अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, राहुलदेव चौधरी, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, जान्हवीं सिंह, इला सिंह, प्राचार्य अभिषेक खण्डेलवाल , उपप्राचार्य ममता मिश्रा ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में पालक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एडवर्ड पार्क विवाद, नोटिस के बाद भी निर्माण काम जारी

खैरागढ़। एडवर्ड पार्क भूमि विवाद को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल तेज हो गया हैं। जिला पत्रकार संघ के सदस्यों ने बुधवार को कलेक्टर से मुलाकात कर एडवर्ड पार्क और बाड़ी एडवर्ड पार्क से संबंधित शासकीय भूमि के मामले में ज्ञापन सौंपा। संघ ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है, जबकि गरीबों के मामलों में कार्रवाई कर वाहवाही लूटने का प्रयास किया जाता है। पत्रकार संघ ने मामले की निष्पक्ष जांच, निर्माण कार्य पर प्रभावी रोक और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। जिला पत्रकार संघ ने मुख्य नपा अधिकारी पुनीत वर्मा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि एडवर्ड पार्क मामले में रसूखदारों को संरक्षण दिया जा रहा है। संघ का कहना है कि जब संबंधित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए जाने की जानकारी है और नपा स्वयं निर्माण रोकने के लिए तीन नोटिस जारी कर चुकी है, तो इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने की शिकायत गंभीर है।

भाजपा पार्षद के खिलाफ ज्ञापन

इसी मामले को लेकर जिला पत्रकार संघ ने 25 अक्टूबर की बैठक में महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद अजय जैन द्वारा पत्रकारों के विरुद्ध कथित बयानबाजी पर निंदा प्रस्ताव पारित किया था। संघ ने इस संबंध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन भेजकर जिला अध्यक्ष बिसेसर दास साहू को प्रतिलिपि दी और पार्षद की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करने की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर, खिलेन्द्र नामदेव. चैतेन्द्र तिवारी. प्रशांत सहारे. उमेश्वर वर्मा. नवदीप श्रीवास्तव. राजेंद्र सिंह. प्रवीण नामदेव. साकेत श्रीवास्तव. दिनेश साहू. नीलेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

बैठक में उद्देश्य और आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे "लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" अभियान के तहत बीते दिनों जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में अभियान के प्रभारी खूबचंद पारख ने सभी आयामों के प्रभारियों, मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में अभियान की आवश्यकता, उद्देश्य और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिलेभर में अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने कार्ययोजना तैयार की गई तथा पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक को संबोधित करते अभियान प्रभारी श्री पारख ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च होती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक व्यवस्थाओं तथा जनादेश के प्रति सम्मान बनाए रखना प्रत्येक राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे निराधार आरोपों और जनता को भ्रमित करने वाली राजनीति का तथ्यात्मक जवाब जनजागरण के माध्यम से दिया जाएगा।

पदयात्रा के प्रभारी एवं महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि 1 नवंबर को "लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" अभियान के तहत जनजागरण पदयात्रा निकाली जाएगी। जिलेभर से आने वाले वाहनों का एकत्रीकरण स्टेट स्कूल परिसर में किया जाएगा। इसके बाद महावीर चौक से पदयात्रा प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते गंज चौक पहुंचेगी, जहां विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा।



इन्होंने बताया कार्ययोजना

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स कवरेज के प्रभारी नीलू शर्मा एवं पत्रिकाएं विशेषांक में प्रकाशन प्रभारी योगेशदत्त मिश्रा ने भी अपनी कार्ययोजना बताई। बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी व आभार प्रदर्शन डीकेश साहू ने किया। बैठक में भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, अभियान से जुड़े प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कॉलेजों में होगा युवा संवाद कार्यक्रम

अभियान प्रभारी सचिन बघेल ने बताया कि 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक जिले के विभिन्न कॉलेजों में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं से लोकतंत्र, राष्ट्र निर्माण, विकास और जनभागीदारी जैसे विषयों पर संवाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण प्रहरी है और उन्हें सही तथ्यों एवं संवैधानिक मूल्यों से अवगत कराना आवश्यक है। शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि 31 अक्टूबर को डोंगरगढ़, छुरिया एवं डोंगरगांव में बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियों तथा देशहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

स्कूलों में होगा रचनात्मक कार्यक्रम

अभियान प्रभारी भरत वर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों में प्रतियोगिताओं एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति, संविधान के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस की नीतियों और कार्यप्रणाली पर आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस देश को तोड़ने के लिए षड्यंत्र कर रही है।

विहंगम योग संत समाज ने किया शिविर में रक्तदान



कलकसा। विहंगम योग साधकों द्वारा सदगुरु उत्तराधिकारी संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव पर सदगुरु सदाफल आदर्श गौशाला सेंदरी में रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिला संयोजक मोरध्वज साहू ने बताया प्रतिवर्ष 28 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जाता है। संत प्रवर विज्ञान देव महाराज इसी दिन रक्तदान करते है। शिविर में 30 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान गोवर्धन कुंजाम, महेंद्र साहू, संतोष साहू, कुलंजन साहू, संतराम साहू, सोमन साहू, धनेश साहू, चिंता देवांगन, मुरली देवांगन, बलराम देवांगन, प्रीतम साहू, भागवत साहू, ताकेश्वर साहू, रोहित साहू, हुमेश साहू, हरेंद्र साहू, डालचंद साहू, सौरभ साहू, नूतन देवांगन, राधेश्याम विश्वकर्मा, लोचन साहू, निर्मला साहू, कुसुम साहू, संतोष सपहा आदि मौजूद थे।

दीपावली से पूर्व किसानों को दस हजार प्रति एकड़ एडवांस दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर किसानों की समस्याओं के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाते हुए मांग की है कि दीपावली से पूर्व प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत धान उत्पादक किसान को 10,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से अग्रिम राशि सीधे उसके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाए।

नवाज खान ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से निर्धारित की गई है, जबकि किसानों के हित में खरीदी 1 नवंबर से शुरू होनी चाहिए थी। धान खरीदी में देरी के कारण किसानों को दीपावली से पहले अपनी उपज का भुगतान मिलने की उम्मीद कम हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को प्रदेश के किसानों की परेशानियों और त्योहार के समय उनकी आर्थिक जरूरतों की चिंता होती, तो वह धान खरीदी समय पर शुरू करने की व्यवस्था करती। जब सरकार ने खरीदी पहले शुरू नहीं की है, तो कम से कम किसानों को त्योहार से पूर्व आर्थिक सहायता देकर उनकी परेशानी दूर करनी चाहिए।

नुकसान का कराया जाए सर्वे

नवाज खान ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की थी। भूपेश बघेल सरकार ने किसानों की आर्थिक स्थिति और त्योहारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए होली और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों से पहले किसानों के खातों में राशि पहुंचाने की व्यवस्था की थी, ताकि किसान परिवार भी खुशहाली से त्योहार मना सकें। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक पंजीकृत धान उत्पादक किसान को 10,000 प्रति एकड़ की अग्रिम राशि दी जाए। धान विक्रय के बाद इस राशि को किसान के अंतिम भुगतान में नियमानुसार समायोजित किया जा सकता है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि अर्नब तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में धान की फसल को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए। प्रभावित गांवों और खेतों में वास्तविक नुकसान का आकलन कराकर किसानों को 15,000 प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा प्रदान किया जाए।

छह दशक से देश-विदेश में लोककला का बढ़ाया मान, नहीं रहे बांस वादक विक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की लोकगाथा 'बांस गीत' और बांस वादन परंपरा को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं अंतर्राष्ट्रीय बांस वादक विक्रम यादव का गुरुवार सुबह 5 बजे निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। सीएम विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह और पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने उन्हें श्रद्धांजली दी है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खैरा (रवेली) में किया गया।

अंतिम संस्कार में पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, खैरा सरपंच भूपेंद्र यादव, भरेंगांव के पूर्व सरपंच दिलीप चंद्राकर, साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू, उपाध्यक्ष पवन यादव , सर्किल यादव समाज अध्यक्ष विशारद यादव, सरपंच भगवान सिंह यादव, रामगुलाल यादव, कुशल यादव सहित बड़ी संख्या में कला-साहित्य जगत से जुड़े लोग और ग्रामीण शामिल हुए।

सीएम साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कला-साहित्य जगत ने दी श्रद्धांजलि

नया थियेटर से शुरू हुई यात्रा

स्वर्गीय विक्रम यादव ने वर्ष 1971 में अंतर्राष्ट्रीय रंगकर्मी हबीब तनवीर के 'नया थियेटर' से जुड़कर अपनी कला यात्रा को नई पहचान दी। बांस, बांसुरी और बीन वादन में उनकी अद्भुत प्रतिभा ने देश के विभिन्न शहरों में लोगों को प्रभावित किया। उन्होंने रायपुर, दिल्ली, भोपाल, कोलकाता, दुर्गापुर, शोलापुर, उत्तरप्रदेश, पुणे, हरियाणा, कोल्हापुर, सतारा, मुंबई और अहमदाबाद सहित अनेक स्थानों पर अपनी कला की प्रस्तुति दी।



राष्ट्रीय तुलसी सम्मान सहित कई सम्मान मिले

छह दशक से अधिक की कला साधना के दौरान विक्रम यादव को अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। वर्ष 2007 में युवा कुर्मी मित्र मंडल भिलाई द्वारा उन्हें 'भुइयां सम्मान' तथा वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय तुलसी सम्मान' प्रदान किया गया। वर्ष 2022 में गुरुघासीदास लोक कला महोत्सव ककरेल तथा भारतीय जन नाट्य संघ द्वारा भी उनका सम्मान किया गया। लोक मड़ई, मंदराजी महोत्सव, चक्रधर समारोह, अंतर्राष्ट्रीय महाउर कला महोत्सव, जयपुर लोकरंग महोत्सव और नया थियेटर भोपाल जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर उनके बांस वादन की विशिष्ट पहचान रही। विक्रम यादव की दीर्घ कला साधना और लोकपरंपरा के संरक्षण में योगदान को देखते साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा उन्हें 4 अक्टूबर 2026 को ग्राम मोखला में आयोजित वार्षिक समारोह में 'साकेत कला साधना सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया था।

पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्तोत्र

श्रद्धांजलि देते महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि विक्रम यादव का निधन छत्तीसगढ़ की लोककला के लिए अपूरणीय क्षति है। बांस वादन की विलुप्त होती परंपरा को उन्होंने अपनी साधना से नई पहचान दी। उनकी कला-साधना और लोक संस्कृति के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

विदेशों में दी प्रस्तुति

विदेशों में भी उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोककला का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिला। वर्ष 2007 में रंगकर्मी अनुपरंजन पांडेय के 'बस्तर बैंड' से जुड़कर उन्होंने देश-विदेश में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला जारी रखा।

सार समाचार

कलेक्टर ने निर्माणाधीन अंडरब्रिज का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सोमवार को राजनांदगांव शहर के निर्माणाधीन स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।



इस दौरान रेलवे अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से अंडरब्रिज निर्माण की वर्तमान स्थिति तथा पूर्ण करने की समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में तेजी लाते गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रेलवे अंडरब्रिज के बॉक्स पुशिंग कार्य, आंतरिक निर्माण एवं एप्रोच रोड के निर्माण की जानकारी ली। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बॉक्स पुशिंग कार्य पूर्ण करने में लगभग डेढ़ माह का समय लगेगा। इसके साथ ही एप्रोच रोड का निर्माण किया जाना है। कलेक्टर ने बॉक्स पुशिंग एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य समानांतर रूप से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके। उन्होंने माह दिसंबर तक प्रमुख निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने तथा जनवरी एवं फरवरी माह में शेष कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करने कहा। साथ ही मार्च 2027 तक सभी निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत छुरिया एवं राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। छुरिया तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 10 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 12 लाख रुपए एवं तालाब के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए एवं तालाब के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। संबंधित तहसीलदारों को सहायता अनुदान राशि भुगतान हेतु उपलब्ध कराया गया है।

सोलर प्लांट से वायर चोरी

राजनांदगांव। ग्रामीण इलाके में लगे सोलर प्लांट से पैनल कनेक्शन के कापर सिंगल कोर केबल को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिटिया में स्थापित सोलर प्लांट संयंत्र में लगे पैनल कनेक्शन के कापर सिंगल कोर केबल एवं ग्राम हरदी के प्लांट में सोलर प्लांट संयंत्र में लगे पैनल करने के कापर सिंगल कोर केबल को अज्ञात चोरों ने गत रात्रि दरवाजे में लगे ताला को तोड़कर चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बताया गया कि पूर्व में उक्त मार्ग में लगातार बैटरी एवं केबल चोरी हो चुकी है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

कलेक्टर ने की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रयास आवासीय विद्यालय के संचालन एवं शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली।



कलेक्टर ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने तथा नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों के अध्यापन एवं कोचिंग कार्य की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों की नीट एवं जेईई की तैयारी के लिए प्रारंभिक स्तर से ही शैक्षणिक आधार मजबूत करने कहा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने शिक्षकों को पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ अध्यापन कार्य करते विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप एजुकेशन हब में संचालित विद्यालय की कक्षाओं का विभाजन करने तथा आवश्यक स्टाफ रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोराम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, प्रयास आवासीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

महारैली में शामिल होने कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

राजनांदगांव। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतंत्र, संविधान एवं मताधिकार की रक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विशाल महारैली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी अपने साथियों के साथ दिल्ली रवाना होंगे । अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार विशु अजमानी अपने साथियों के साथ दिल्ली में आयोजित इस महारैली में शामिल होंगे। विशु अजमानी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का मत है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा जाएगा।



दो दिनों से बंद स्कूल आज से खुलेंगे, मौसम में भी सुधार की संभावना

अर्नब का असर: 36 घंटे में पांच इंच बारिश से फसलें प्रभावित, बिजली सप्लाई भी रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में चक्रवाती तूफान अर्नब का व्यापक असर बीते दो दिनों से साफ तौर पर देखा जा रहा है। लगातार जारी रिमझिम व हल्की बारिश के साथ ही 30 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चल रही तेज हवाओं ने पूरे जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस बेमौसम बदलाव का सीधा और गहरा प्रभाव क्षेत्र की कृषि व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और दीपोत्सव की खरीदारी पर पड़ा है। मौसम के इस अप्रत्याशित मिजाज ने एक तरफ जहां किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। वहीं दूसरी तरफ आम नागरिकों और व्यापारियों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है।

तूफान के कारण सबसे बड़ा झटका बिजली विभाग के बुनियादी ढांचे को लगा है। तेज हवा और बारिश के दौर में कई इलाकों में हरे-भरे व पुराने पेड़ धराशायी हो गए। जिससे बिजली के तार टूट गए और खंभों को नुकसान पहुंचा। इसके चलते शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। रातभर के भीतर बिजली विभाग के नियंत्रण कक्ष में दो सौ से अधिक खराबी व व्यवधान की शिकायतें दर्ज की गई। स्थिति को संभालने और ब्लैकआउट से निपटने के लिए सुधार दल पूरी रात मैदानी स्तर पर दौड़ते नजर आए, ताकि आवश्यक सेवाओं और घरेलू उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जा सके।



जिले में अधिक वर्षा

अर्नब तूफान के चलते बदले मौसम की वजह से अंचल में भी बुधवार की दोपहर से ही बारिश देखने को मिली। गुरुवार दोपहर तक चले बारिश के दौर में अंचल में करीबन दो इंच बारिश दर्ज की गई है। इसमें भी राजनांदगांव जिले में अधिक बारिश देखी गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मोहला-मानपुर जिले में करीबन 26 मिमी और राजनांदगांव जिले में 134 मिमी बारिश देखने को मिली है।

फील्ड पर उतरे अफसर

खेतों में लगातार पानी का जमाव होने से खड़ी धान तथा अन्य मौसमी फसलों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है, जिन खेतों में धान की बालियों में दाना पूरी तरह भर चुका था, वहां तेज हवाओं और पानी के थपेड़ों से फसल के आड़े गिरने यानी लॉजिंग की आशंका बढ़ गई है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो पैदावार और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो सकती है। संकट की गंभीरता को देखते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया और नुकसान के प्राथमिक आंकलन के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है।

दो दिन बंद रहे स्कूल : खराब मौसम और संभावित जोखिम को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। राजनांदगांव और मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले में दो दिन तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में एक दिन के अवकाश के बाद कल शुक्रवार से सभी शैक्षणिक संस्थान सामान्य रूप से दोबारा खुल रहे हैं। जिससे दिनचर्या धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी है।

बाजार में आज से बढ़ेगी रौनक

त्योहारों के इस दौर में दिवाली बाजार भी मौसम की मार से अछूता नहीं रहा। बीते रविवार से ही कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में बेहतर ग्राहकी से जो रौनक लौटने लगी थी, उस पर पिछले दो दिनों की बारिश ने अस्थायी विराम लगा दिया। बुधवार और गुरुवार को मौसम खराब रहने के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और दुकानों पर खरीदारों की आवाजाही बेहद कमजोर रही। हालांकि मौसम के मिजाज में सुधार के संकेतों के साथ व्यापारियों को पूरी उम्मीद है कि कल शुक्रवार से दिवाली बाजार एक बार फिर पूरी रफ्तार पकड़ेगा और धनतेरस व दिवाली की खरीदारी अपने चरम पर पहुंचेगी।

सड़क, बिजली ना नाली, भूमाफिया कागज में काट रहे अवैध कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध कॉलोनियों पर हो रही कार्रवाई के भय से अवैध कॉलोनाइजर अब कागज में ही सड़क और नाली काट रहे हैं। धरातल पर सिर्फ जमीन दिखाकर प्लाट बेचे जा रहे हैं। शहर के कई हिस्सों में अवैध कॉलोनियों को गुपचुप तरीके से कागज के सहारे ही बेचा जा रहा है। अवैध कॉलोनाइजर ग्राहकों को कागज में ही सड़क और नाली दिखाकर जमीन बेच रहे हैं। शहर के मोतीपुर-रामनगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कॉलोनियों के लिए प्लाट काटे जा रही है। बीते वर्ष इस क्षेत्र में नगर निगम द्वारा अवैध रूप से बनाए गए सड़क का मुरूम उखाड़ा गया था। इसके बाद इस क्षेत्र में सक्रिय अवैध कॉलोनाइजर अब बिना सड़क बनाए ही प्लाट काटकर बेच रहे हैं।

मोतीपुर-रामनगर क्षेत्र में हाल ही में 85 डिसमिल जमीन की एक कॉलोनी काटे जाने का मामला भी सामने आया है। इस कॉलोनी को भी कागजों में दिखाकर बेचा जा रहा है। वहीं पूर्व में काटे गए अवैध कॉलोनी में मकान का निर्माण भी शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा यहां पर अवैध कॉलोनी को लेकर नगर निगम में कार्रवाई के लिए शिकायत भी की गई है।



आवास योजना के तहत निर्माण

अवैध कॉलोनियों में प्लाट लेने के बाद यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों के मकान भी स्वीकृत हो रहे हैं और इस पर निर्माण कार्य भी हो रहा है। मोतीपुर-रामनगर क्षेत्र में अवैध कॉलोनाइजर द्वारा यहां लगभग 36 प्लाट काटे गए हैं। जिसमें 18 और 20 फीट की सड़क दिखाई गई है। जबकि धरातल पर सड़क की चौड़ाई कम है। यहां जमीन का डायवर्सन कराए जाने के बाद इसे टुकड़ों में बेचे जाने की जानकारी भी सामने आई है। यहां कई प्लाट बिक चुके हैं और कुछ मकान का निर्माण भी शुरू हो गया है।

नगर निगम से होता है विकास

अवैध कॉलोनी में प्लाट बेचने के दौरान यहां पर सड़क, नाली जल्द बनाने का झांसा भी क्रेताओं को दिया जाता है, लेकिन अवैध कॉलोनाइजर द्वारा यहां पर कोई विकास कार्य नहीं किया जाता है। मकान निर्माण होने के बाद लोगों की मांग, दबाव और आंदोलन के चलते ऐसे अवैध कॉलोनी में नगर निगम द्वारा ही सड़क और नाली निर्माण कराया जाता है।

कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता

अवैध कॉलोनी की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा इस पर कार्रवाई भी की जाती है। अवैध कॉलोनी को लेकर बोर्ड भी लगाया जाता है, जिसे कुछ समय में कॉलोनाइजर द्वारा उखाड़ कर फेंक दिया जाता है। ऐसे में लोगों को अवैध कॉलोनी की जानकारी नहीं हो पाती है और लोग जमीन की खरीदी कर फंस जाते हैं।

मशीन में हाथ फंसने से मजदूर की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बीच संचालित एक गुटखा फैक्ट्री में हुए हादसे में 35 वर्षीय मजदूर की मौत का मामला सामने आया है। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर का हाथ मशीन में फंस गया था, जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री के अन्य मजदूरों की सुरक्षा पर व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदरबार चौक के समीप संचालित पान पराग गुटखा फैक्ट्री में हुए हादसे के दौरान मृत 35 वर्षीय मजदूर राजमनी पिता अजय प्रसाद नालंदा जिला बिहार का निवासी बताया जा रहा है। हादसे के बाद फैक्ट्री के अन्य मजदूर ही उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

घटनास्थल किया गया सील

इस मामले को लेकर डीसीपी क्राइम सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना में मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल को सील कर दिया गया है। इस मामले में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल

इधर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हादसे के बाद फैक्ट्री में अन्य मजदूरों की सुरक्षा इंतजामों और घटना की परिस्थितियों को लेकर जांच की मांग की जा रही है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, यहां मजदूरों की सुरक्षा, चिकित्सा, मजदूरों का बीमा सहित अन्य मामला जांच के बाद ही सामने आएगा।

अवैध रूप से शराब ले जाते पकड़ा गया



ठेलकाडीह। थैला में अवैध रूप से शराब रखकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। आरोपी के पास से 30 पौवा सवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। 27 अक्टूबर को थाना ठेलकाडीह पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ठेलकाडीह के देशी-अंग्रेजी शराब भट्ठी से ग्राम ठेलकाडीह मेन रोड तरफ आते व्यक्ति पर रेड कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार पता पूछने पर अपना नाम किशोर देवांगन 47 साल निवासी सुकुदैहान का रहने वाले बताया।

30 पौवा शराब जब्त

आरोपी के कब्जे में रखे एक सफेद-लाल रंग के थैला की तलाशी लेने पर थैला के अंदर 30 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रुपए बरामद कर आरोपी किशोर देवांगन निवासी सुकुलदैहान का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटना कारित करना पाए जाने से थाना ठेलकाडीह में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी गई है।

राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग में छाये रहे खिलाड़ी

पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में शहर को 5 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य स्तरीय महिला-पुरूष पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2026 दल्लीराजहरा के ओपन थियेटर में 23 से 25 अक्टूबर तक बालोद जिला पावर लिफ्टिंग संघ के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। उक्त स्पर्धा में प्रदेशभर के 250 महिला-पुरूष खिलाड़ी, कोच व मैनेजर ने अपनी सहभागिता दी।

इस स्पर्धा में राजनांदगांव जिले से 10 खिलाड़ियों का दल ने हिस्सा लिया। एक्सपर्ट जिम में अभ्यासरत खिलाड़ियों ने उक्त स्पर्धा में भाग लिया। इस टीम के कोच के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मेडलिस्ट पावर लिफ्टिंर संतोष साहू के मार्गदर्शन में शहर को 5 पदक प्राप्त हुए। सीनियर वर्ग में संतोष साहू बेंच प्रेस में 150 किग्रा उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त की। साईवीर निर्मलकर ने डेड लिफ्ट में 150 किलो वजन उठाकर कास्य पदक प्राप्त किया। समीर साहू पावर लिफ्टिंग में कुल वजन 440 किग्रा उठाकर कास्य पदक, बलदाऊ सोनकर 250 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक, सूरज साहू अपने वर्ग में 305 किग्रा वजन उठाकर दूसरा रजत पदक प्राप्त कर राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व करते कुल 5 पदक प्राप्त किए।



खिलाड़ियों के उक्त सफलता पर एक्सपर्ट जिम के संरक्षक मनीष सिंह गौतम, डॉ. रोहन सोनकर, अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, अंजू बंजारे, सचिव संदीप सोनी, एकता बंजारे, राज खरे, सुभाष हरिहारनो, कितांश बंजारी, नीकिता बंजारे, तानिया बंजारे सहित जिले के खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जीम समिति के सचिव संदीप सोनी ने दी।



अनियमितता: ग्रामीणों ने सड़क की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की

4-5 माह में ही उखड़ने लगी कोलेगांव-हथमुड़ी पीएम सड़क, डामर डालकर की जा रही मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत कोलेगांव से हथमुड़ी तक बनाई गई प्रधानमंत्री सड़क की स्थिति निर्माण के महज चार-पांच महीने बाद ही खराब होने लगी है। सड़क की ऊपरी परत से बारीक-बारीक गिट्टियां निकलने लगी हैं और कई स्थानों पर सड़क उखड़ने की स्थिति में पहुंच गई है। स्थिति यह है कि सड़क को अधिक क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए अभी से डामर डालकर मरम्मत की जा रही है। इतनी कम अवधि में सड़क की ऊपरी परत खराब होने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद स्वीकृत हुआ था। सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने और क्षेत्र के गांवों का संपर्क बेहतर होने की उम्मीद थी।

इसके लिए शासन की ओर से करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। लेकिन निर्माण के चार-पांच महीने के भीतर ही सड़क की ऊपरी परत से गिट्टियां निकलने लगी हैं। कई जगहों पर डामर की परत कमजोर दिखाई दे रही है। ऐसे में अब सड़क पर डामर डालकर मरम्मत की जा रही है।



पहले से सुर्खियों में रही कोलेगांव-हथमुडी सड़क

कोलेगांव-हथमुड़ी सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। लंबे प्रयासों के बाद सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होगा और लंबे समय तक आवागमन की सुविधा मिलेगी। लेकिन निर्माण के कुछ ही महीनों में सड़क की स्थिति खराब होने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।

भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ सकती है परेशानी

इस मार्ग पर चारपहिया वाहनों सहित अन्य वाहनों का आवागमन होता है। सड़क की ऊपरी परत अभी से कमजोर होने के कारण आने वाले समय में इसके और क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। यदि केवल ऊपर से डामर डालकर मरम्मत की जाती है और सड़क के कमजोर हिस्सों को ठीक से दुरुस्त नहीं किया जाता, तो मरम्मत की स्थायित्व पर भी सवाल खड़े होंगे।

जांच कर गुणवत्तापूर्ण मरम्मत की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग से कोलेगांव-हथमुड़ी पीएम सड़क की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। साथ ही जिन स्थानों पर सड़क की परत उखड़ रही है, वहां केवल ऊपर से डामर डालने के बजाय खराब हिस्सों को आवश्यकतानुसार उखाड़कर निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मरम्मत की जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि सड़क टिकाऊ और मजबूत बने तथा ग्रामीणों को लंबे समय तक आवागमन की सुविधा मिल सके।

दामापुर में राजस्व लिंक कोर्ट का शुभारंभ 2 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

आखिरकार जिला प्रशासन ने नवनिर्मित राजस्व न्यायलय लिंक कोर्ट का शुभारंभ की तिथि तय कर दी है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दामापुर में नवनिर्मित राजस्व न्यायालय लिंक कोर्ट का शुभारंभ 02 नवंबर सोमवार को शाम 4 बजे किया जाएगा। शुभारंभ समारोह राजस्व न्यायालय परिसर, दामापुर, जिला कबीरधाम में आयोजित होगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस राजस्व लिंक कोर्ट के शुभारंभ से दामापुर सहित लगभग 40 ग्रामों के किसान, व्यापारी, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को लाभ मिलेगा। विधायक भावना बोहरा ने कहां कि दामापुर में राजस्व लिंक कोर्ट का खुलना से क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह मुख्यमंत्री के सुशासन का परिणाम है। अब 40 गांवों के लोगों को राजस्व कार्यों के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। भाजपा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और हमारी विधायक भावना बोहरा का पूरे मण्डल की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया। यह लिंक कोर्ट दामापुर मण्डल के लिए दीपावली की सौगात से कम नहीं है। हमारी सरकार ने जो कहा वो किया। इससे हमारे कार्यकर्ताओं में भी नई ऊर्जा आई है और जनता में भाजपा के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

मीडिया प्रभारी भाजपा मण्डल कुण्डा सूरज यादव ने कहा यह निर्णय किसान हितैषी और जन-हितैषी है। पहले नामांतरण, बंटवारा जैसे छोटे कामों के लिए भी हमारे ग्रामीण भाइयों को दिनभर कबीरधाम पंडरिया में भटकना पड़ता था। अब न्याय उनके दरवाजे पर आएगा। माननीय विधायक भावना बोहरा जी के अथक प्रयास से दामापुर को यह सौगात मिली है, इसके लिए मैं पूरे मण्डल वासियों की ओर से उनका और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केंद्र कोलेगांव में मासिक बैठक संपन्न

- संगठन मजबूती और मतदाता सूची पुनरीक्षण पर चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भारतीय जनता पार्टी मंडल कुण्डा अंतर्गत शक्ति केंद्र कोलेगांव में बुधवार को मासिक बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी की उपस्थिति में किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने तथा भाजपा के घुसपैठियों हटाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं मंडल प्रभारी रूपेश जैन के निर्देशानुसार तथा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष चंद्रवंशी के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण



कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने तथा प्रत्येक मतदाता से संपर्क करने के निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका मूल मंत्र संगठन और सेवा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें और पार्टी के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं।

उन्होंने शक्ति केंद्र कोलेगांव के कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना भी की। शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, बीएलए-2 एवं कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची पुनरीक्षण में जिम्मेदारीपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया।

बैठक में रामाधार शर्मा, दिनेश चंद्रवंशी, संतोष साहू, परमेश्वर साहू, मुकेश यदु, घनश्याम चंद्रवंशी, विकलेश साहू, दिनेश साहू, कुलेश्वर साहू, दिल मोहन भास्कर, ओमप्रकाश कौशले, रतिराम साहू, बद्री साहू, हीराउ साहू, राजू यादव, सियाराम साहू, भगेला साहू, मोतीराम साहू, आगेश एवं मनोज साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें, अंत में वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

जिले के पांच खिलाड़ियों का हॉकी यूनिवर्सिटी खेल में चयन, खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे



- निखर रही खिलाड़ियों की प्रतिभा, वाराणसी में होने वाली प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के हॉकी खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। हॉकी यूनिवर्सिटी गेम के लिए कबीरधाम के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में कोमल पाली, अर्जुन वर्मा, सोम कुमार साहू, ओम कुमार साहू और धनेश्वर साहू शामिल हैं। इन खिलाड़ियों के चयन से जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हॉकी यूनिवर्सिटी गेम के लिए चयन ट्रायल 22 सितंबर को आयोजित किया गया था।

इस ट्रायल में लगभग 45 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर लगभग 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनमें कबीरधाम जिले के पांच खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों की तैयारी के लिए 20 से 24 अक्टूबर तक दुर्ग में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा है। शिविर के बाद चयनित खिलाड़ी 25 अक्टूबर की रात वाराणसी के लिए रवाना हुए। हॉकी यूनिवर्सिटी खेल का आयोजन 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक वाराणसी में किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर खेलने का अवसर खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे उन्हें आगे बढ़ने और भविष्य में बेहतर प्रतियोगिताओं के लिए अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिले में हॉकी को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में कोच अविनाश चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण और प्रोत्साहन से जिले के खिलाड़ी लगातार आगे बढ़ रहे हैं। वे खिलाड़ियों को अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को उनके निरंतर अभ्यास, समर्पण और उचित मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है।

कबीरधाम के पांच खिलाड़ियों का हॉकी यूनिवर्सिटी गेम के लिए चयन होना जिले में हॉकी के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। खिलाड़ी अपनी प्रतिभा व खेल प्रदर्शन करने का एक अच्छा अवसर है, इससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और भविष्य में बेहतर प्रतियोगिताओ के लिए अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

वरिष्ठ खिलाड़ियों ने दी बधाई

खिलाड़ियों के चयन पर कोच अविनाश चौहान एवं जय किशन चौहान वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी सुमित निषाद, गणेश यादव, सतीश कश्यप, शरीफ खान और गजेंद्र पाठक सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे वाराणसी में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कबीरधाम जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करेंगे।

अर्नब चक्रवाती तूफान से धान की फसल बर्बाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश से खेतों में पककर तैयार धान की फसल गिरकर खराब हो गई है। फसल की बर्बादी देखकर किसान चिंतित हैं। किसानों के अनुसार, पहले ही कीट प्रकोप और बीमारियों से फसल प्रभावित थी। दवाइयों के छिड़काव के बावजूद राहत नहीं मिली, वहीं तेज हवा और बारिश ने बची-खुची फसल को भी नुकसान पहुंचाया है।बरबसपुर, सिंघनपुरी, गांगचुवा, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला, चंदनपुर, नाऊडीह, दौजरी, जेवड़न खुर्द सहित आसपास के गांवों में धान की फसल गिरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने कृषि विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों से गांवों में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण करने तथा नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

यात्री प्रतीक्षालय कैलाश नगर की कुर्सियां गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के वार्ड-2 स्थित कैलाश नगर में लाखों रुपए की लागत से बना यात्री प्रतीक्षालय बदहाल स्थिति में है। प्रतीक्षालय में लगी लोहे की कुर्सियां गायब होने से यात्रियों को बैठने की सुविधा नहीं मिल रही है। रखरखाव के अभाव में प्रतीक्षालय अनुपयोगी साबित हो रहा है।

अभ्युदय में पुस्तक मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किताबें केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि विचारों को नई दिशा देने, कल्पनाओं को उड़ान देने और जीवन को बेहतर ढंग से समझने का माध्यम हैं। इसी भावना को साकार करने के उद्देश्य से शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में 30 से 31 अक्टूबर को दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। अनफोल्ड अ न्यू एडवेंचर अर्थात एक नए रोमांच की शुरुआत की प्रेरणादायी थीम पर आधारित यह आयोजन केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है, बल्कि कवर्धा के समस्त नागरिकों, अभिभावकों, पुस्तक प्रेमियों और साहित्य में रुचि रखने वाले लोगों के लिए भी खुला है। पुस्तक मेले में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सभी लोग आकर पुस्तकों की दुनिया से जुड़ सकते हैं। इस पुस्तक मेले का उद्देश्य समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना और बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करना है। यहां आगंतुक अपनी रुचि के अनुरूप विभिन्न विषयों की पुस्तकें देख सकते हैं।

राष्ट्रगान गाते वक्त पूर्वजों के बलिदान को याद करें: जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्रीयंत्र महामेरू शक्तिपीठ, सोनमुड़ा रोड अमरकंटक में 26 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न प्रांतों से आए सेनानी परिवारों के प्रतिनिधि शामिल हुए। शक्तिपीठ के महंत शरदपुरी महाराज ने सेनानी परिवारों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी ने कहा कि सेनानी परिवारों को मिल रहा सम्मान उनके पूर्वजों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत माता की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इसलिए जब



भी राष्ट्रगान गाएं, अपने पूर्वजों के बलिदान को अवश्य याद करें। उन्होंने सेनानी परिवारों को सम्मानित करने के लिए महंत शरदपुरी महाराज के प्रति आभार जताया। महंत शरदपुरी महाराज ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का सम्मान करना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने अपने कुलगुरु स्वामी हरिहरानंद के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि वे बनारस में अंग्रेजों के विरुद्ध गुप्त रूप से पोस्टर और पर्चे छपवाने तथा उनके वितरण में सहयोग करते थे। वे पंडित मदन मोहन मालवीय के साथ जेल में भी रहे। श्री रघुवंशी ने बताया कि 18 अक्टूबर को हरिद्वार में 529 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों से सुसज्जित शहीद कीर्तिस्तंभ का लोकार्पण किया गया।

साथ ही स्वाधीनता के पथिकः हरिद्वार के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पुस्तक का विमोचन हुआ। जिसमें जिले से अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु, सचिव नरोत्तमराम महोबिया, उपाध्यक्ष इंजीनियर एसएस जैन, कोषाध्यक्ष महेशराम महोबिया तथा डॉ सूर्यकांत भारती सहित अन्य प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हुए।

विपक्षी अराजकता का दुष्चक्र तोड़ेंगे युवा: केदार गुप्ता

राष्ट्र चेतना संवाद, युवा व लोकतंत्र पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर देश में जारी राजनीतिक बहस के बीच कवर्धा में राष्ट्र चेतना संवाद आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ लोक जागरण मंच के इस कार्यक्रम में एसआईआर की आवश्यकता, प्रक्रिया, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और युवाओं की सामाजिक भागीदारी पर विचार रखे गए। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा मुख्य वक्ता और अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने एसआईआर की प्रक्रिया और उसकी आवश्यकता पर विस्तार से बात रखी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर चल रही बहस का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विषय पर लोगों के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने वर्ष 2023 में केंद्र सरकार द्वारा संसद में बनाए गए कानून से पहले नियुक्ति की व्यवस्था का भी जिक्र किया। श्री बग्गा ने विभिन्न आंदोलनों के संदर्भ में सत्ता परिवर्तन की अवधारणा पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता हासिल करने में असफल विपक्ष युवाओं को आंदोलनों में आगे कर रहा है। छत्तीसगढ़ लोक जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र चेतना संवाद के संयोजक विक्की अग्रवाल रहे।

युवाओं की भूमिका पर वक्ताओं ने दिया जोर

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार के विकास कार्यों से विपक्ष हताश है और इसी कारण वह विभिन्न कार्यों तथा संवैधानिक संस्थाओं का विरोध कर रहा है। उन्होंने एसआईआर की आवश्यकता, उद्देश्य और प्रक्रिया पर भी अपनी बात रखी। उन्होने कहा कि देश का युवा राष्ट्रीय विचारों को समझता है और देश को तोड़ने वाली ताकतों की कथित साजिशों को भी पहचानता है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों के आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी नहीं होना एक स्पष्ट संदेश है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में अब तक 12 बार एसआईआर की प्रक्रिया हो चुकी है, जिनमें से 10 बार कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में यह प्रक्रिया हुई। कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया।



मौसम : प्रभावित किसानों में चिंता, धान सहित दूसरी फसलें प्रभावित

अर्नब चक्रवात से जनजीवन अस्तव्यस्त अंचल के खेतों में बिछी धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में अर्नब चक्रवात के प्रभाव से पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। 28 अक्टूबर से रुक-रुककर हो रही बारिश और तेज हवाओं ने जहां सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं खेतों में खड़ी फसलों पर भी इसका असर दिखाई देने लगा है। बेमौसम बारिश के चलते धान की फसल खेतों में गिरकर बिछ गई है। वहीं गन्ना और अरहर की फसल को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

मौसम की इस मार से किसानों की चिंता बढ़ गई है। त्योहारी सीजन के बीच लगातार हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खेतों में इस समय धान की फसल तैयार होने की स्थिति में है। ऐसे में बारिश के साथ चल रही तेज हवाओं के कारण कई खेतों में धान की फसल जमीन पर गिर गई है। इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ, तो फसल को और नुकसान हो सकता है। धान के साथ गन्ना और अरहर की खेती करने वाले किसान भी मौसम की मार से चिंतित हैं।

लगातार बारिश और तेज हवा के कारण इन फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात सामने आ रही है। हालांकि, जिले में फसलों को हुए वास्तविक नुकसान का आकलन सर्वे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

लोकगीतों के जरिए बयां की पीड़ा

बेमौसम बारिश से परेशान किसानों ने अपनी पीड़ा सामने रखने के लिए छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का सहारा लिया। किसानों ने तबला, ढोलक और हारमोनियम की धुन पर लोकगीत गाकर अपनी परेशानी बयां की और सरकार से फसल नुकसान का मुआवजा देने की गुहार लगाई। लोकगीतों के माध्यम से किसानों ने मौसम की मार और खेती में होने वाले आर्थिक नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया।



सर्वे और मुआवजे की उम्मीद

किसानों के सामने अब फसल को बचाने और संभावित आर्थिक नुकसान की भरपाई की चिंता है। ऐसे में प्रभावित खेतों का सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करना जरूरी है। किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन स्थिति का जायजा लेकर उचित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाएगा। लगातार बदलते मौसम के बीच किसान अब बारिश थमने और फसलों को राहत मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

बाजार पर भी असर

अर्बन तूफान के चलते अंचल में बीते दो दिनो से हो रही बेमौसम बारिश का असर बाजार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बारिश के चलते कवर्धा नगर में करबा चौंथ का बाजार लगभग सूना रहा है। त्यौहार से संबंधित नाम मात्र की दुकाने ही लगी नजर आई और इनमें भी लोगों की भीड़ न के बाराबर ही रही। ऐसे में बसरा लगाकर दुकानदारी करने वालों में मायूसी देखने को मिली

दूषित चारा से दो गांव के कई गोवंश बीमार, पालक चिंतित

- 3 से 4 पशुओं की मौत, 40 से अधिक के बीमार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के लोहारा क्षेत्र के सुरजपुरा और पिरछा टोला गांव में गोवंश के बीमार पड़ने और उनकी मौत का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के मुताबिक, बुधवार देर शाम से पशुओं के बीमार होने का सिलसिला शुरू हुआ, जिसके बाद देखते ही देखते 40 से अधिक गोवंश इसकी चपेट में आ गए। अब तक तीन से चार पशुओं की मौत होने की जानकारी सामने आई है।

बड़ी संख्या में पशुओं के बीमार होने से ग्रामीणों में चिंता और नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, प्रभावित गांवों में कई गोवंश की हालत गंभीर बनी हुई है। पशुओं में बीमारी के लक्षण सामने आने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पशु चिकित्सा विभाग को दी। हालांकि, उनका आरोप है कि बुधवार देर शाम से सूचना देने के बावजूद गुरुवार सुबह तक विभाग का कोई डॉक्टर या विशेषज्ञ मौके पर नहीं पहुंचा। ऐसे में बीमार पशुओं को समय पर समुचित उपचार मिलने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। गोवंश के बीमार होने के पीछे ग्रामीण खेतों में फसल कटाई के बाद बचे डंठलों को संभावित कारण मान रहे हैं।

उन्हें आशंका है कि फसल अवशेषों में किसी जहरीले पदार्थ की मौजूदगी के कारण पशुओं की तबीयत बिगड़ी होगी। हालांकि, अभी तक बीमारी के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। इसके लिए पशुओं की जांच और आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण किया जाना जरूरी है।

स्थानीय स्तर पर उपचार, विशेषज्ञों का इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय पशु सेवक बीमार गोवंश को प्राथमिक उपचार दे रहे हैं, लेकिन बड़ी संख्या में पशुओं के प्रभावित होने के कारण विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत है। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल चिकित्सा दल भेजने, बीमार पशुओं का समुचित उपचार करने और बीमारी के कारणों का पता लगाने की मांग की है।

समय पर इलाज और जांच जरूरी

लगातार पशुओं के बीमार पड़ने और मौतों की खबर से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। फिलहाल बीमारी के कारणों और फसल अवशेषों से इसके संभावित संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में प्रभावित गांवों में तत्काल पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ बीमारी की पहचान करना जरूरी है। इस मामले में पशु चिकित्सा विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।

खबर संक्षेप

राज्योत्सव में सांसद होंगे मुख्य अतिथि

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य गठन के 26 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 2 नवंबर 2026 को जिले में भव्य जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कवर्धा स्थित पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित इस समारोह में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सांसद की उपस्थिति में आयोजित होने वाला यह राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की गौरवशाली यात्रा, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का अवसर होगा। राज्य स्थापना के 26 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस जिला स्तरीय समारोह के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपराओं और विकास की दिशा में हुए प्रयासों को रेखांकित किया जाएगा।



कबीरधाम जिले में 820.4 मिमी औसत वर्षा

कवर्धा। जिले में एक जून से आज तक 820.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 857.8 मिमी, पंडरिया तहसील में 632.9 मिमी, बोड़ला तहसील में 747.8 मिमी, सहसपुर लोहारा तहसील में 638.4 मिमी, रेंगाखार तहसील में 788.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 606.0 मिमी, पिपरिया तहसील में 1154.2 मिमी और कुकदूर तहसील में 1138.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 29 अक्टूबर की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 17.3 मिमी औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 19.7 मिमी, पंडरिया तहसील में 11.3 मिमी, बोड़ला तहसील में 21.4 मिमी, स. लोहारा तहसील में 20.8 मिमी, रेंगाखार तहसील में 12.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 14.7 मिमी, पिपरिया तहसील में 22.7 मिमी और कुकदूर तहसील में 16.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

युवा उत्सव का आयोजन अब 2 नवंबर को

कवर्धा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें कला, संस्कृति एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में कबीरधाम जिले में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा उत्सव की तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह आयोजन 2 नवंबर 2026 को प्रातः 10 बजे से शासकीय शारदा संगीत महाविद्यालय, कवर्धा में किया जाएगा।

अनियंत्रित आइसर वाहन मकान में घुसा, चालक केबिन में फंसा

- डॉयल 112 की टीम ने चालक को मसक्कत से निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

चिल्फी रोड स्थित बांधाटोला में तिवारी होटल के पास एक अनियंत्रित आईसर वाहन पटेल के मकान में जा घुसा। हादसे में मकान की दीवार और वाहन का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के बाद चालक वाहन के अंदर फंस गया, जिसे डायल 112 की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार, आईसर वाहन क्रमांक एमपी 07 जीए-9759 चिल्फी रोड की ओर जा रहा था।

इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर तिवारी होटल के आगे स्थित पटेल के मकान की दीवार से टकराते



हुए अंदर घुस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक का पैर केबिन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और जवानों ने तत्परता दिखाते हुए सब्बल की मदद से क्षतिग्रस्त केबिन को फैलाया और काफी मशक्कत के बाद चालक का पैर बाहर निकालकर उसे सुरक्षित बचाया। इसके बाद चालक को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

हादसे के समय मकान के सदस्य और आसपास के लोग वाहन की चपेट में नहीं आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना का कारण वाहन में तकनीकी खराबी था या चालक का नियंत्रण खोना, यह जांच के बाद स्पष्ट होगा।

बहु पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के आरोप में सास-ससुर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

महिला पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के गंभीर मामले में सहसपुर लोहारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसकी सास और ससुर को गिरफ्तार किया है। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को 29 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

मामले में पुलिस की विवेचना अभी जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गभराडीह, जिला बेमेतरा निवासी रामबिलास पाल ने 20 जनवरी 2026 को थाना सहसपुर लोहारा में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री लीला पाली का विवाह करीब पांच वर्ष पहले ग्राम नरोधी निवासी ताम्रध्वज पाली के साथ हुआ था। विवाह के बाद पारिवारिक विवाद के चलते बेटी के साथ मारपीट और प्रताड़ना किए जाने की बात सामने आई थी।

इस संबंध में पूर्व में सामाजिक बैठक भी आयोजित की गई थी। शिकायत के अनुसार, 5 सितंबर 2026 को दामाद ने फोन कर सूचना दी कि लीला आग से झुलस गई है। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल, कवर्धा लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान पीड़िता ने अपने कथन में आरोप लगाया कि घटना वाले दिन सुबह करीब 8 बजे विवाद के बाद उसकी सास कुंतीबाई पाली और ससुर रूपसिंह पाली ने उसे पकड़कर पेट्रोल डाला और आग लगा दी।

साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ की गई कार्यवाही



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस दौरान घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ प्रार्थी और अन्य साक्षियों के बयान दर्ज किए गए। पीड़िता के उपचार संबंधी दस्तावेज जुटाए गए। इसके अलावा कार्यपालिक दंडाधिकारी के माध्यम से पीड़िता का मरणासन्न कथन दर्ज कराया गया तथा न्यायालय में भी उसका कथन लेखबद्ध कराया गया। विवेचना में संकलित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रूपसिंह पाली आयु 70 वर्ष और कुंतीबाई पाली आयु 60 वर्ष, निवासी ग्राम नरोधी, को गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रकरण में अन्य साक्षियों के बयान दर्ज करने सहित विवेचना की शेष कार्रवाई जारी है।

आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थी सिख रहे हैं आधुनिक तकनीक के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय पंडरिया के विद्यार्थियों की नवाचार क्षमता को विकसित करने विद्यालय स्थित अटल टिंकरिंग लैब में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के द्वारा आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण लगातार दिया जा रहा है यहां विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ स्वयं करके सीखने का अवसर दिया जा रहा है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर से आमंत्रित विषय विशेषज्ञों मुरली देवांगन एवं आयुष राजपूत बीटेक द्वारा विद्यार्थियों को संवेदक की कार्यप्रणाली से परिचित कराया जा रहा है जिससे छात्र तापमान, प्रकाश, आद्रता दूरी और गति मापने वाले सेंसर किस प्रकार कार्य करते हैंऔर दैनिक जीवन मे किस प्रकार उनका उपयोग किया जा सकता है सीख रहे हैं रोबोटिक्स यंत्र मानव विज्ञान के अंतर्गत बच्चे स्वयं छोटे रोबोट का निर्माण कर रहे हैं छात्रों द्वारा सेंसर युक्त ऑटोमैटिक कार का निर्माण किया गया है।

ड्रोन तकनीक मे मानव रहित विमान की बनावट, उड़ान के सिद्धांत और उसके कृषि, आपदा प्रबंधन एवं सर्वेक्षण मे उपयोग छात्र सीख रहे हैं। संस्था के प्राचार्य विकास कुमार शुक्ला ने बताया विद्यालय के विद्यार्थियों को लगातार आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कराया जा रहा है। ताकि विद्यार्थियों मे तार्किक चिंतन, समस्या समाधान, रचनात्मकता और सहयोग की भावना विकसित हो एवं भविष्य के वैज्ञानिकों, अभियंताओं और उद्यमियों की नींव तैयार हो।

जय हिंद हॉकी क्लब बोड़ला के खिलाड़ियों का चयन जूनियर हॉकी इंडिया असेसमेंट कैम्प में

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

अगस्त माह में पुणे महाराष्ट्र में आयोजित 16 राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर जय हिन्द हॉकी क्लब बोड़ला की तीन खिलाड़ियों रुखमणी खुसरो, दामिनी खुसरो और यशोदा मेरावी का चयन जूनियर हॉकी असेसमेंट कैम्प के लिए हुआ है।







यशोदा और दामिनी का गत वर्ष भी असेसमेंट कैम्प के लिए चयन हुआ था साथ ही उनका चयन खेलो इंडिया स्कालरशिप के लिए भी हुआ है। वही रुखमणी भी इस वर्ष अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। रुखमणी पिछले 2 वर्षों से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की कप्तानी कर चुकी है।

यशोदा स्ट्राइकर तो रुखमणी और दामिनी मिडफील्ड में अपने खेल का जौहर दिखाती है। 16 राष्ट्रीय जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में यशोदा ने छत्तीसगढ़ की ओर से सर्वाधिक गोल किए थे तथा उन्हें 2 बार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी मिला था। इस वर्ष के असेसमेंट कैम्प में छत्तीसगढ़ से कुल 6 खिलाड़ियों का चयन जिनमे से 3 खिलाड़ी बोड़ला के अम्लीपारा के रहने वाले है। रुखमणी भोपाल , दामिनी लखनऊ तो यशोदा टाटा एकेडमी ओडिशा में है। देश के अलग अलग प्रतिष्ठी संस्थान में रहने वाली इन तीनो खिलाड़ियों में सामान्य बात यह है की तीनो का प्रशिक्षण शिवसिंह चौहान और हिमांशु चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आज भी सुचारू रूप से संचालित है।

एक ही क्लब से, एक ही मोहल्ले से कुल 5 खिलाड़ियों का इंडिया कैम्प जिनमें से 2 खिलाड़ियों का जूनियर इंडिया में चयन होना साथ ही प्रत्येक वर्ष दर्जनों खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की अकादमियों तथा प्रतियोगिता में चयन होना कोई अतिशयोक्ति नहीं।



धान खरीदी से पहले 86.40 क्विंटल धान जब्त, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आगामी धान खरीदी के मद्देनजर जिले में अवैध रूप से धान के व्यापार एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है।

इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर खाद्य विभाग तथा मंडी समिति द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से कुल 216 बोरी धान, जिसका कुल वजन 86.40 क्विंटल है, जब्त किया गया है।

इस मामले में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 5 प्रकरण निर्मित किए गए हैं। खाद्य अधिकारी श्री चंद्रशेखर देवांगन ने बताया कि जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले अवैध धान व्यापार के विरुद्ध यह पहली कार्रवाई है।

जिला प्रशासन द्वारा धान के अवैध व्यापार, अनियमित भंडारण एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि धान खरीदी व्यवस्था पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित हो सके। खाद्य विभाग एवं मंडी समिति की संयुक्त टीम द्वारा जिले के ग्राम उड़िया कला, बिडोरा, कल्याणपुर,भागुटोला और तरेगांव जंगल इन पांचों स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुल 216 बोरी धान जब्त किया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार 5 प्रकरण दर्ज किए गए।

इन स्थानों पर की गई कार्रवाई

खाद्य विभाग एवं मंडी बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अनिकृत रूप से रखे धान का रोकथाम के लिए कार्यवाही की गई। जिसमें बजरंगबली ट्रेडर्स, उड़ियाकला, सहसपुर लोहारा से कुल 60 बोरी मात्रा 24 क्विंटल, भोजराम पटेल बिड़ौरा से कुल 40 बोरी मात्रा 16 क्विंटल, पेखन साहू, कल्याणपुर से कुल 55 बोरी मात्रा 22 क्विंटल, परमात्मा ट्रेडर्स, भागूटोला से कुल 50 बोरी मात्रा 20 क्विंटल एवं अजय नाग तरेगांव जंगल से कुल 11 बोरी 4.40 क्विंटल। इस प्रकार कुल 05 प्रकरणों में कुल 216 बोरी में 86.40 क्विंटल धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर आगामी कार्यवाही किया जा रहा है।

धान खरीदी व्यवस्था होगी पारदर्शी

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आगामी धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य धान खरीदी प्रक्रिया को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप संचालित करना है।

मौसम खराब होने के कारण नजर नहीं आया चांद, पति के दर्शन कर तोड़ा व्रत

व्रत रखकर सुहागिनों ने की पति के लिए मंगलकामना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

करवा चौथ के मौके पर गुरूवार को सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना की। दिनभर व्रत रखने के बाद इन सुहागिनों ने रात में विधि विधान से पूजा की और अपने पति के हांथ से पानी पीकर व्रत खोला।

हालांकि मौसम खराब होने के कारण इस बार व्रतियों को चन्द्र दर्शन नहीं हो पाए। फिर भी करवा चौथ को लेकर विवाहिताओं में खासा उत्साह देखा गया। खासकर उन सुहागिनो का पूछना ही क्या था जिन्होंने विवाह के बाद पहली मर्तवा करवा चौक का व्रत रखा था। मुख्य रूप से पति की दीर्घायु व स्वास्थ्य पर आधारित करवा चौथ को लेकर गुरूवार की सुबह से ही सुहागिनें व्रत की तैयारियों में जुट गई थी।

विवाहित महिलाएं, स्नान, ध्यान व श्रृंगार कर पतियों के साथ शिवालयों व दूसरे मंदिरों में गई जहां उन्होंने विधिवत पूजा पाठ कर, निर्जला व्रत प्रारंभ किया। दिनभर सुहागिनों ने व्रत के नियमों का पालन करते हुए जल भी ग्रहण नहीं किया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने अपने पतियों को काम धाम में जाने से पहले उन्हें चन्द्र दर्शन तक घर लौट आने की मनुहार भी की।

व्रति महिलाओं में दिखा उत्साह, चन्द्र पूजन के साथ भी भगवान गौरा-गौरी की पूजा



हिन्दू धर्म शास्त्र में मान्यता है कि, व्रती सुहागिनों को चन्द्रमा और यथा सम्भव पति के दर्शन के पश्चात ही करवाचौथ का व्रत त्यागना चाहिए। सुहागिनें शाम होते ही चांद निकलने और पतियों के घर लौट आने की प्रतीक्षा करती रही। लेकिन मौसम खराब होने के कारण चन्द्र दर्शन नहीं हो पाया। पतियों के सही समय पर घर लौटने के बाद महिलाओं ने चलनी की ओट से अपने पति के दर्शन किए। तत्पश्चात तुलसी चौरा पर भगवान गौरी गणेश की पूजा अर्चना की तथा पति के हांथों पानी की पीकर व्रत खोला। काम काज के चलते जिन सुहागिनों के पति देर रात तक नहीं लौट पाए उन्हें काफी कठनाईयों का भी सामना करना पड़ा। करवा चौथ को लेकर नवविवाहिताएं काफी उत्साहित थी और उन्होंने घर की सास, जेठानी व दूसरी सयानी महिलाओं से नेग धर्म पूछकर, करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा तथा पति की दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना की। कुल मिलाकर करवा चौथ के मौके पर विवाहित महिलाओं में खासा उल्लास देखा गया।